# VISION IAS

www.visionias.in

## GENERAL STUDIES (TEST CODE : 1417)

| | | | |
|---|---|---|---|
| Name of Candidate | GAGAN SINGH MEENA | | |
| Medium Hindi/Eng. | HINDI | Registration Number | 157121 |
| Center | | Date | |

### INDEX TABLE

| Q. No. | Maximum Marks | Marks Obtained |
|---|---|---|
| 1 | 10 | |
| 2 | 10 | |
| 3 | 10 | |
| 4 | 10 | |
| 5 | 10 | |
| 6 | 10 | |
| 7 | 10 | |
| 8 | 10 | |
| 9 | 10 | |
| 10 | 10 | |
| 11 | 15 | |
| 12 | 15 | |
| 13 | 15 | |
| 14 | 15 | |
| 15 | 15 | |
| 16 | 15 | |
| 17 | 15 | |
| 18 | 15 | |
| 19 | 15 | |
| 20 | 15 | |

Total Marks Obtained:

Remarks:

Signature of Examiner

### INSTRUCTIONS

1. Do furnish the appropriate details in the answer sheet (viz. Name, Registration Number and Test Code).
   उत्तर पुस्तिका में सूचनाएं भरना आवश्यक है (नाम, प्रश्न–पत्र कोड, विद्यार्थी क्रमांक आदि)।
2. There are **TWENTY** questions printed in **ENGLISH & HINDI**
   इसमें बीस प्रश्न हैं अंग्रेजी और हिन्दी में छपे हैं।
3. **All questions are compulsory.**
   सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
4. The number of marks carried by a question/part is indicated against it.
   प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं।
5. Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate, which must be stated clearly on the cover of this Question-Cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in medium other that the authorized one.
   प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश पत्र में किया गया है और उस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न–सह–उत्तर (क्यूसीए) पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिए गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।
6. Word limit in questions, if specified, should be adhered to.
   प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए।
7. Any page or portion of the page left blank in the Question-Cum-Answer Booklet must be clearly struck off.
   उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए।

16-B, 2nd Floor, Above National Trust Building, Bada Bazar Marg, Old Rajinder Nagar, Delhi-110060

Plot No. 857, 1st Floor, Banda Bahadur Marg (Opp Punjab & Sindh Bank), Dr. Mukherjee Nagar Delhi- 110009

Scanned with CamScanner

# VISION IAS™

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ मत लिखें)

1. Dadabhai Naoroji left an indelible imprint on the national movement. Explain. (150 words) 10

दादाभाई नौरोजी ने राष्ट्रीय आंदोलन पर एक अमिट छाप छोड़ी। स्पष्ट कीजिए।

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के उदारवादी चरण (1885-1905) में दादाभाई नौरोजी ने नरम दल के नेता के रूप में उल्लेखनीय कार्य किया।

दादाभाई का भारत में योगदान:

① "पावर्टी एंड अन ब्रिटिश रूल इन इंडिया" पुस्तक के माध्यम से अंग्रेजों की निकास के सिद्धांत की आलोचना की

② भारतीयों के बीच कांग्रेस के मंच से राजनीतिक शिक्षा प्रदान की

③ तीन बार भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष चुने गये।



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

④ विधानमंडल में विभिन्न मुद्दों पर तीखी बहसों के माध्यम से अंग्रेजों की नीतियों की आलोचना की

दादाभाई का अन्य बेहतर योगदान

① इंग्लैंड में स्वतंत्र राष्ट्रीय आंदोलन के पक्ष में जनमत तैयार किया।

② ब्रिटिश ईस्ट इंडिया एसोसिएशन की स्थापना की

③ स्वराज्य की मांग के लिए ब्रिटिश संसद में मांग उठाई

दादाभाई के साथ रोमेश चंद्र दत्त, दिनशा वाचा तथा मदनमोहन मालवीय जी द्वारा अपनी उत्कृष्ट भाषा शैली, वाकपटुता द्वारा राष्ट्रीय आंदोलन को नेतृत्व प्रदान किया।



Scanned with CamScanner

2. The Quit India movement marked a new direction in the struggle against the British colonial rule in India. Analyse. (150 words) 10

भारत छोड़ो आंदोलन ने भारत में ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के विरुद्ध संघर्ष में एक नई दिशा को चिन्हित किया। विश्लेषण कीजिए।

क्रिप्स मिशन के असफल होने तथा जापान के आक्रमण के भय के कारण गांधीजी के नेतृत्व में अगस्त 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन प्रारंभ हुआ।

भारत छोड़ो आंदोलन की विशेषताएँ

- गांधीजी द्वारा भारतीयों को करो-मरो प्रदान किया।
- प्रत्येक वर्ग, समूह, समुदायों, विद्यार्थियों, अधिकारियों तथा रियासतों के लोगों के लिए करो-मरो का समावेश।

औपनिवेशिक शासन के विरुद्ध संघर्ष

- अन्य आंदोलन की अपेक्षा इसमें पूर्ण स्वतंत्रता का आह्वान किया गया



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

- आंदोलन का स्वरूप बड़े स्तर पर था
- बड़े नेताओं की गिरफ्तारी के बाद स्थानीय नेताओं द्वारा आंदोलन की बागडोर संभाली।
- अंग्रेजों की फूट डालो की नीति को असफल किया और सांप्रदायिक हिंसा का अस्तित्व नहीं था।
- महिला सहित प्रत्येक वर्ग द्वारा आंदोलन में भाग लिया।
- हिन्दु सेना द्वारा मुस्लिम विद्रोहियों पर गोली चलाने से मना कर दिया गया
- अनेक स्थानों पर समांतर सरकारों की स्थापना कि।

भारत छोड़ो आंदोलन मे गांधीजी के "करो या मरो" के नारे ने लोगों में ऊर्जा तथा उत्साह पैदा किया



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ मत लिखें)

3. The end of World War II marked the birth of a new international order. Examine. (150 words) 10

द्वितीय विश्व युद्ध के अंत ने एक नई अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था को जन्म दिया। परीक्षण कीजिए।

अमेरिका द्वारा 1945 में जापान पर परमाणु बम के हमले के साथ द्वितीय विश्व युद्ध का अंत होगया और एक नयी अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था का जन्म हुआ।

IInd WW तथा नई अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था

- ~~परमाणु~~ IInd WW के बाद विश्व स्तर पर अमेरिका तथा USSR दो नयी महाशक्ति उभरी
- परमाणुबम के निर्माण की रहस्यमयी रखने के कारण USA तथा USSR के बीच शीतयुद्ध प्रारंभ हुआ।
- विश्व के विभिन्न उपनिवेशित देशों में स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन तेज हुए

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

- अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शांति तथा सुरक्षा की स्थापना के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ (UN) की स्थापना।
- तृतीय विश्व के देशों द्वारा गुट निरपेक्ष संगठन (NAM) की स्थापना की
- USA & USSR के बीच अस्त्र प्रतियोग, विभिन्न देशों को अपने गुट में शामिल करने की कोशिश, जासूसी, हथियारों की होड़, स्वतंत्र देशों के आंतरिक मामलों में दखल।
- UN के गठन पर 5 देशों को वीटो की शक्ति प्रदान की।

द्वितीय विश्व युद्ध के अंत के साथ एक नया युद्ध शुरू हुआ जो 1992 में USSR के पतन के बाद खत्म हुआ



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ मत लिखें)

4. The Simla Agreement (1972) and Lahore Declaration (1999) are two key milestones in the history of the Indian subcontinent. Discuss.

(150 words) 10

शिमला समझौता (1972) और लाहौर घोषणा-पत्र (1999) भारतीय उपमहाद्वीप के इतिहास में दो महत्वपूर्ण उपलब्धियां हैं। चर्चा कीजिए।

भारत व पाकिस्तान के बीच संबंधो को बेहतर करने के लिए 1972 तथा 1999 में क्रमशः शिमला तथा लाहौर घोषणा पत्र को अपनाया गया

**शिमला समझौता 1972**

- दोनों देशों के आंतरिक मामलो को द्विपक्षीय स्तर पर सुलझाया जायेगा
- LAC पर सीजफायर उल्लंघन को खत्म करना
- भारत द्वारा पाकिस्तान के युद्ध बंदियों को रिहाई किया गया।



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

## लाहौर घोषणा पत्र

- भारतीय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा हस्ताक्षर किये गये।
- भारत व पाकिस्तान के बीच बस सेवा प्रारंभ की गई।
- J&K पर वार्ता के लिए दोनों पक्षों द्वारा सहमति प्रदान की
- आतंकवाद को समाप्त करने की प्रतिबद्धता प्रकट की।

पाकिस्तान का डीप स्टेट स्थानीय राजनीतिक प्रणाली के ऊपर कब्जा कर चुका है जो किसी समझौते को सफल नहीं होने देता है।




Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin
(इस मार्जिन में कुछ भी मत लिखें)

5. Social security should not only involve economic empowerment but also social empowerment. Discuss in the context of India. (150 words) 10

सामाजिक सुरक्षा में न केवल आर्थिक सशक्तिकरण अपितु सामाजिक सशक्तिकरण भी सम्मिलित होना चाहिए। भारत के संदर्भ में चर्चा कीजिए।

सामाजिक सुरक्षा का आशय है कि व्यक्ति के वे लाभ मिलना जो आपात स्थिति में उसकी सुरक्षा करे तथा उसके जीवन निर्वाह को बनाये रखे।




सामाजिक सुरक्षा तथा आर्थिक सशक्तिकरण

- आर्थिक सशक्तीकरण के अंतर्गत व्यक्ति को इतना सशक्त करना कि वह अपनी आजीविका का निर्वाह कर सके। (Art. 39(a))
- प्रत्येक व्यक्ति को न्यूनतम वेतन उपलब्ध करना



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

- स्त्री व पुरुष को समान कार्य के लिए समान वेतन।
- पेंशन, बीमा, तथा वित्तीय समावेशन के द्वारा समावेशी विकास करना।

eg: PMJDY, PMJAY, अटल पेंशन योजना, बीमा योजना आदि सामा. आर्थिक सशक्तिक

**सामाजिक सुरक्षा तथा सामाजिक सशक्तीकरण।**

- व्यक्ति को सामाजिक स्तर पर सशक्त करना जैसे बाल विवाह का उन्मूलन, बाल श्रम समाप्ति, बंधुआ मजदूरी की समाप्ति।
- महिला का समाज में गरिमापूर्ण जीवन
- वृद्ध लोगों को घर तथा परिवार में बेहतर स्थान।
- बच्चों के बीच भेदभाव नहीं तथा जाति व धर्म के आधार पर विभाजन समाप्त

सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक सशक्तिकरण प्रदान करके सार्वभौमिक सुरक्षा प्राप्त की जा सकती है।



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ न लिखें)

6. Explain with examples how globalisation is manifested in both local in the global and the global in the local. (150 words) 10

उदाहरण देते हुए स्पष्ट कीजिए कि वैश्वीकरण वैश्विक में स्थानीय और स्थानीय में वैश्विक, दोनों में किस प्रकार प्रकट होता है।

वैश्वीकरण के अंतर्गत विभिन्न समाज, अर्थव्यवस्था एवं वैश्विक नेटवर्क में इस प्रकार जुड़ते हैं कि वस्तुओं, सेवाओं तथा विचारों का मुक्त प्रवाह सीमा पार होता रहता है।

जब वैश्विक तथा स्थानीय (ग्लोबल + लोकल) के कारण ग्लोकलाइजेशन स्थिति बनती है।

वैश्वीकरण वैश्विक में स्थानीय

- इस प्रक्रिया में वैश्विक में स्थानीय का समावेश होता है।

① सांस्कृतिक स्तर पर विचारों का आदान-प्रदान
eg: अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

② भारत में रवींद्र की "लीविंग आफ माई"

③ स्थापत्यकला का प्रचार eg: भारत की कांधनी, मिथला तथा कलमकारी वैश्विक स्तर पर सही प्रसिद्ध



Scanned with CamScanner

④ भारत की बढ़ती निर्भरता, विभिन्न देशों में भारतीय व्यंजनों की दुकाने इसका उदाहरण

**वैश्वीकरण: स्थानीय से वैश्विक**

- स्थानीय संस्कृति को अपनाते हुए इसमें वैश्विक प्रक्रिया को आकर्षित करना

① मैकडोनाल्ड का पनीर टिक्का बर्गर भारतीय स्वादनुसार

② MTV, स्टारप्लस आदि TV चैनलों द्वारा भारतीय आंचलिक योजनाओं को स्थानीय भाषा में दिखाना

③ विभिन्न फिल्मों (अंग्रेजी, चाइनीज) की हिन्दी भाषा में डबिंग

④ हिन्दी + अंग्रेजी ⇒ हिंग्लिश

⑤ इस प्रकार वैश्वीकरण द्वारा स्थानीय संस्कृति लाभान्वित होती है और वैश्विक स्तर पर भी अपना प्रभाव डालती है



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ मत लिखें)


7. In light of persistence of various forms of violence against women in India, discuss the ways in which the issue can be addressed effectively.

(150 words) 10

भारत में महिलाओं के विरुद्ध हिंसा के विभिन्न रूपों की विद्यमानता के आलोक में, उन उपायों की विवेचना कीजिए जिनसे इस मुद्दे का प्रभावी ढंग से समाधान किया जा सकता है।

NCRB की "भारत में अपराध" रिपोर्ट के अनुसार 2018 में महिलाओं के विरुद्ध हिंसा में 7.6% वृद्धि हुई है।

महिलाओं के विरुद्ध हिंसा के रूप



Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ मत लिखें)

**महिला हिंसा को रोकने के उपाय**

① कानूनों को बेहतर ढंग से लागू करना तथा उनके संबंध में बड़े स्तर पर जागरूकता पैदा करना।

② तकनीकी का उपयोग करके अपराधी पर निगरानी, CCTV कैमरा, पैनिक बटन, हेल्पलाइन का उपयोग।

③ विद्यालय स्तर पर लैंगिक संवेदनशीलता कार्यक्रम चलाना

④ समाज की मनोवृत्ति में परिवर्तन लाना तथा इसके लिए महिला रोल मॉडल का उपयोग करना

⑤ सामाजिक, आर्थिक तथा राजनैतिक सशक्तिकरण करके जागृत विकास करना

भारत के संविधान का अनुच्छेद 51A(e) प्रत्येक नागरिक के कर्तव्य निर्धारित करता है कि महिला का सम्मान करे तथा उसकी गरिमा की सुरक्षा करे



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

8. What is an urban forest? Highlight its benefits and steps taken by the government to promote urban forestry in India. (150 words) 10
शहरी वन क्या हैं? इनके लाभों और भारत में शहरी वानिकी को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों पर प्रकाश डालिए।

शहरी वन उन वनों को कहा जाता जो शहरों में एक समर्पित उद्देश्य के साथ लगाये जाते हैं ताकि वातावरण स्वच्छ रहे व लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले।

शहर वानिकी का लाभ

① शहरों में वायुप्रदूषण को कम करने में सहायक क्योंकि वन $CO_2$ का अवशोषण करते हैं।

② बेहतर मानव पूंजी का निर्माण जो स्वच्छ, कुशल व स्वस्थ हो।

③ विभिन्न प्रकार के रोगों का समाधान करते हैं।

④ वनों की अधिक संख्या वातानुकूलन प्रदान करती है जिससे ACs के ऊपर खर्च होने वाली विद्युत बचत होती है।



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ मत लिखें)

(5) स्थानीय लोगों को वन उत्पाद के माध्यम से आजीविका का अतिरिक्त स्रोत प्रदान करती है।

(6) शहरों के "अर्बन हीट द्वीप" के प्रभाव को कम करती है।

**सरकार द्वारा प्रयास**

(1) राष्ट्रीय वन नीति

(2) CAMPA के अंतर्गत शहरों में वनों को प्रतिपूरक के रूप में स्थापित करने की सुविधा

(3) "हरियाली ऐप" कोई भी व्यक्ति पौधों को ट्रैकिंग कर सकती है।

शहरी वानिकी भारत को 33% वन लक्ष्य को प्राप्त करने तथा INDC के अंतर्गत 2.5–3 बिलियन $CO_2$ सिंक के लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करेगी।



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

9. How has globalization impacted the location of the IT industry?

(150 words) 10

वैश्वीकरण ने IT उद्योग की अवस्थिति को किस प्रकार प्रभावित किया है?

वैश्वीकरण के कारण विचारों, व्यक्तियों,
सेवाओं तथा वस्तुओं का मुक्त प्रवाह
होता है जो IT उद्योग की व्यापकता
के लिए महत्वपूर्ण है।

वैश्वीकरण तथा IT उद्योग

① उन देशों में IT उद्योग अधिक
विकसित हो रहा है जहाँ पे कुशल
श्रमिक उपलब्ध है।

② भारत के बेंगलुरु, पुणे तथा गोवा का
IT हब के रूप में उभरना सस्ते
श्रम के कारण है।

③ IT उद्योग द्वारा सेवाओं की



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

आउटसोर्सिंग की जा रही है

④ वैश्वीकरण से पश्चिमी/विकसित देशों से प्रौद्योगिकी का हस्तांतरण विकासशील देशों में

eg: सैमसंग का सबसे बड़ा विनिर्माण प्लांट भारत मे नोएडा।

⑤ बाजार तथा ग्राहकों की अधिक संख्या के कारण IT उद्योग की अवस्थिति तय होती है।

वैश्वीकरण के कारण IT & ITC उद्योग अपनी अवस्थिति को विकासशील देशों मे स्थानांतरित कर रहे है।

# VISION IAS™

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

10. How can eco-tourism be used to sustainably harness the potential of tourism industry in India? Discuss the challenges and steps taken by the government in this context. (150 words) 10

भारत में पर्यटन उद्योग की क्षमता का संधारणीय रूप से दोहन करने हेतु पारिस्थितिकीय पर्यटन का कैसे उपयोग किया जा सकता है? इससे जुड़ी चुनौतियों और इस संदर्भ में सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की विवेचना कीजिए।

पारिस्थितिकीय पर्यटन वह ~~होता है~~ पर्यटन है जिसमे प्राकृतिक रूप से उत्सर्जन किये ~~बिना~~ बिना प्रतिविधी [?] को बढ़ाया जाता है या उत्सर्जन को कम किया जाता है।

**पारिस्थितिकीय पर्यटन का उपयोग**

- संधारणीय विकास को बढ़ावा देना
- जैविक उत्पादों का उपयोग करना
- रियूज, रिसायकिल तथा रिड्यूस प्रक्रिया का उपयोग
- संसाधनों का ईष्टतम उपयोग
- पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता प्रदान करने
- मानव उपयोग से उत्पन्न होने वाले अपशिष्ट को कम करने।



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ मत लिखें)

## चुनौतियाँ

- पर्यावरण के अनुकूल विकास की रणनीति में अत्यधिक लागत आती है।
- प्रत्येक भागीदारी की निगरानी संभव नहीं होती है।
- पर्यावरण प्रभाव आकलन (EIA) प्रक्रिया अत्यंत लंबी होती है।
- धारणीय विकास के संबंध में लोगों की अभिवृत्ति में परिवर्तन

## सरकार द्वारा उठाये कदम

- सिक्किम सरकार द्वारा कंचनजंगा तथा गंगटोक का पारिस्थितिक पर्यटन के रूप में विकास
- धारणीय विकास के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए "स्वच्छता ग्रीन स्कीम"

2030 तक SDG लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पारिस्थितिकी पर्यटन आवश्यक है।



Scanned with CamScanner

VISION IAS™

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

11. The advent of Buddhism and Jainism was instrumental in the development of architecture in ancient India. Discuss. (250 words) 15
प्राचीन भारत में स्थापत्य कला के विकास में बौद्ध धर्म और जैन धर्म का उद्भव सहायक रहा। चर्चा कीजिए।

4वीं अथवा शताब्दी ईसा पूर्व बौद्ध व जैन धर्म ने भारत की संस्कृति, सांस्कृतिक, वास्तुकला तथा स्थापत्य कला में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

स्थापत्य कला में बौद्ध धर्म का योगदान

- गौतम बुद्ध की मृत्यु के बाद सम्राट अशोक द्वारा स्तूपों तथा स्तंभों का बड़े स्तर पर निर्माण करवाया
- बौद्ध भिक्षुओं के लिए विहार तथा चैत्यो की स्थापना की गई
  उदा० कार्ले का चैत्य, अजंता का विहार
- पहाड़ो को काटकर अनेक गुफाए बनाई
  उदा०, जैसे: अजंता तथा एलोरा की गुफा

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ मत लिखें)





fig: बौद्ध वास्तुकला

- गुप्तकाल में बौद्धवाद से प्रेरित होकर मूर्तिकला अपने चरमोत्कर्ष पर पहुंची
  eg: गांधार तथा अमरावती

**जैन धर्म का भारतीय स्थापत्यकला में योगदान**

- प्रारंभ में जैन भिक्षुओं तथा भिक्षुणियों के रहने के लिए गुफाओं का निर्माण
  eg: बिहार में बराबर की गुफाएं



Scanned with CamScanner

- जैनों द्वारा विभिन्न संगीतियों का आयोजन किया और अंग, उपांग तथा अंगबाह्य नामक साहित्य की रचना की
- गुप्तकाल तथा मौर्योत्तर काल में विभिन्न राजाओं द्वारा स्तंभों/शिलालेख द्वारा स्थापत्य कार्य को आगे बढ़ाया
  eg: उदयगिरि की गुफाएं।
- विभिन्न प्रकार की मूर्तियाँ एवं मथुरा स्थापत्य कला का विकास इसी दौरान हुआ।

इस प्रकार जैन व बौद्ध धर्म द्वारा न केवल धर्म को आगे बढ़ाया बल्कि कला, स्थापत्य कला में भी विविधता को आगे बढ़ाया गया।



Scanned with CamScanner

Don't write anything in this margin
(इस भाग में कुछ मत लिखें)

12. The reactionary policies of Lord Lytton and the liberal policies of his successor Lord Rippon acted as catalyst in the formation of the Indian National Congress. Discuss. (250 words) 15

लॉर्ड लिटन की प्रतिक्रियावादी नीतियों और उसके उत्तराधिकारी लॉर्ड रिपन की उदार नीतियों ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के गठन में उत्प्रेरक का कार्य किया। चर्चा कीजिए।

1885 ई. में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का गठन भारतीयों के प्रयास तथा ब्रिटिशों की प्रतिक्रियावादी नीतियों के परिणामस्वरूप हुआ।

लार्ड लिटन की नीतियां

- लार्ड लिटन द्वारा भारतीयों के प्रति अत्यधिक अपमानजनक रवैया अपनाया
- वर्नाकुलर प्रेस एक्ट, दिल्ली दरबार, अकाल का बेहतर प्रबंधन नहीं तथा कैसर-ए-हिन्द की उपाधि

लार्ड रिपन की नीतियाँ:

- स्थानीय स्वशासन का मैग्नाकार्टा,
- वर्नाकुलर प्रेस एक्ट को रद्द किया



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ मत लिखें)

- भारतीयों के प्रति उदारवादी रवैया।

## भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का संगठन

- लार्ड ~~रिपन~~ लिटन द्वारा प्रेस की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध ने भारतीयों के समक्ष अंग्रेजों के वास्तविक रूप को उजागर किया
- रिपन की उदारवादी नीतियों के कारण भारतीय एकजुट हुए तथा एक ऐसे संगठन की आवश्यकता महसूस हुई जो बेहतर प्रतिनिधित्व करे।
- इस संबंध में अंततः 1885 में एक अंग्रेज अधिकारी ए-ओ ह्यूम के प्रयासों से INC की स्थापना हुई।
- भारतीय द्वारा इस संबंध में लगातार बहुमत तथा जनमत तैयार किया और INC की स्थापना की।



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

- लार्ड लिटन के प्रतिक्रियावादी रवैये के कारण राजनीतिक अधिकारों को बढ़ाने के लिए।

**INC के गठन में अन्य कारण**

- भारतीयों को एक नेतृत्व प्रदान के लिए संस्था की आवश्यकता
- उदारवादी नेताओं जैसे सुरेन्द्र बनर्जी, दादाभाई नौरोजी आदि के प्रयास
- अंग्रेजों के समक्ष भारतीयों की मांगों को रखने के लिए एक मंच
- जनता को राजनेताओं को जोड़ने के लिए सेतु की आवश्यकता

इसप्रकार 1885 में INC की स्थापना हुई और भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन को 1947 तक विभिन्न आंदोलनों द्वारा दिशा तथा दशा प्रदान की।



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

13. Gandhiji changed his methods of struggle against the British from time-to-time to suit the varied circumstances and problems that needed to be tackled. Analyse. **(250 words) 15**

गांधी जी ने विभिन्न परिस्थितियों और समस्याओं जिनसे निपटने की आवश्यकता थी, के अनुकूल समय-समय पर अंग्रेजों के विरूद्ध संघर्ष की अपनी विधियों में परिवर्तन किया। विश्लेषण कीजिए।

1915 में भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में गांधीजी के आगमन के बाद सत्य अहिंसा पर आधारित सत्याग्रह की नयी युक्तियों का प्रयोग किया गया।

**अंग्रेजों के विरुद्ध गांधीजी की विधियां:**

- चंपारण सत्याग्रह (1917) में गांधीजी ने परिस्थितियों के अनुरूप सविनय अवज्ञा का मार्ग चुना और तीनकठिया पद्धति का विरोध किया।

- अहमदाबाद मिल हड़ताल (1918) में जब आवश्यकता थी कि मजदूरों का मनोबल बढ़ाया जाए तो गांधीजी आमरण



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

आवश्यकता स्वरूप बदल गये

- किसानों के खेड़ा सत्याग्रह (1918) में गांधीजी अपनी कौशल शैली से यह मनवाने में सफल रहे कि 30% लगान अनुचित है।

- 1919 में रोलेट एक्ट के विरुद्ध गांधीजी द्वारा विशाल जन आंदोलन को प्रारंभ किया।

- 1922 जब परिस्थितियां तथा समय की आवश्यकता थी हिन्दु व मुस्लिम एकजुट होतो गांधीजी द्वारा असहयोग तथा खिलाफत सत्याग्रह प्रारंभ किया।

- 1930 में जहाँ आवश्यक तथा प्रत्येक भारतीय आंदोलन से जुड़े गांधीजी द्वारा नमक के मुद्दे पर सत्याग्रह प्रारंभ किया।



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ मत लिखें)

- 1932 में जहाँ अंग्रेज भारत में सांप्रदायिकता को बढ़ा रहे थे तो गांधीजी द्वारा हरिजन अभियान चलाकर दलितों का विश्वास प्राप्त किया।

- गोलमेज सम्मेलन में भी गांधीजी द्वारा अंग्रेजों को प्रत्येक स्तर पर पराजित किया।

- अंततः भारत छोड़ो आंदोलन में गांधीजी द्वारा "करो या मरो" का नारा दिया और अंग्रेजों की नींव हिला दी।

इस प्रकार गांधीजी द्वारा सत्याग्रह की विभिन्न युक्ति के माध्यम से संघर्ष-समझौता-संघर्ष के सिद्धांत पर चलकर भारत को स्वतंत्रता दिलवाई।

Don't write anything in this margin
(इस भाग में कुछ न लिखें)

14. Bring out the relationship between the industrial revolution and the advent of imperialism in different parts of the world. (250 words) 15
औद्योगिक क्रांति और विश्व के विभिन्न भागों में साम्राज्यवाद के आरंभ के मध्य संबंधों को स्पष्ट कीजिए।

18वी शताब्दी के मध्य में पश्चिम में प्रारंभ औद्योगिक क्रांति ने पुनर्जागरण के नये दौर की शुरुआत की और साम्राज्यवाद को बढ़ावा दिया।

औद्योगिक क्रांति का आरंभ:

- पुरानी वस्तुओं तथा मशीनों के स्थान पर आधुनिक मशीने
- [illegible] भाप का इंजन का आविष्कार
- बड़े स्तर पर विनिर्माण कार्य
- उत्पाद की विशिष्टता को बढ़ावा दिया
- विभिन्न भागों के बीच कनेक्टिविटी के कारण उत्प्रेरक का कार्य
- विज्ञानवाद तथा तर्कवाद ने उत्प्रेरक का कार्य किया।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ मत लिखें)

# औद्योगिक क्रांति तथा साम्राज्यवाद के मध्य संबंध

**एशिया:**

- कच्चे माल तथा तैयार माल के विशाल बाजारों की आवश्यकता
- सस्ता श्रम की उपलब्धता के कारण अंग्रेजों द्वारा भारत पर अपना प्रभुत्व को बढ़ाया गया
- डचों तथा पुर्तगालियों द्वारा पूर्वी एशिया को मसाला द्वीपों पर अपने अपने साम्राज्य को बढ़ाया

**अफ्रीका**

- इस महाद्वीप पर विशाल संसाधनों की उपलब्धता के कारण साम्राज्यवाद को बढ़ावा मिला।



Scanned with CamScanner

- यहाँ पर सस्ता श्रम भी मौजूद था जिसका उपयोग अन्य औपनिवेशिकों में किया गया।

- उत्तरी अमेरिका तथा USA के अंतर्गत प्राकृतिक संसाधन जैसे कोयला, लोहा के कारण साम्राज्यवाद का विस्तार

- अफ्रीका तथा लैटिन अमेरिका जिसमें देशों से वनों निर्मित संसाधनों की तरफ आकर्षण से साम्राज्यवाद को बढ़ावा

इस प्रकार औद्योगिक क्रांति ने साम्राज्यवादी शक्तियों की महत्वाकांक्षा में वृद्धि की और देशों को औपनिवेशिक बना प्रदर्शित किया गया

15. The caste system in India has continued to persist by adapting itself to a variety of changing socio-economic and political conditions in the past few decades. Discuss. (250 words) 15

भारत में जाति व्यवस्था विगत कुछ दशकों में परिवर्तित होती विभिन्न सामाजिक-आर्थिक और राजनीतिक स्थितियों के अनुरूप अपने आपको ढालकर विद्यमान है। चर्चा कीजिए।

जाति व्यवस्था वह सामाजिक व्यवस्था है जो शुद्धि तथा अशुद्धि के आधार पर सामाजिक तथा व्यवसायिक कार्यों का वंशानुगत आधार पर बंटवारा करती है।

**जाती व्यवस्था में परिवर्तन**

- अंतर-जातीय विवाहों की अनुमति
- कार्यों का विखंडन हुआ है तथा जाति स्तरीय सोपानक्रम कमजोर हुआ
- शिष्टाचार / खानपान तथा आधुनिकीकरण के कारण परिवर्तन
- और जाति आधारित हिंसा में कमी।



Scanned with CamScanner

Don't write anything in this margin (इस भाग में कुछ मत लिखें)

जाति व्यवस्था विभिन्न रूपों में अभी भी विद्यमान

सामाजिक स्तर

- जनक्रांतिकरण के कारण जाति का उत्थान हुआ है लेकिन गांवो में अभी यह व्यवस्था विद्यमान है।

- छुआछूत खत्म हुआ लेकिन विभिन्न त्यौहारों तथा समारोह जाति के आधार पर किये जाते है।
  eg: गांवों तथा शादी उत्सव

- गांवों मे मंदिर प्रवेश की अनुमति मिली है लेकिन निम्न वर्ग अभी भी गांवों के बाहर आर्थि रहते है।

आर्थिक स्तर पर

- MNCs द्वारा रोजगार प्रदान करने के कारण जातियाँ वर्ग मे परिवर्तित हो रही है, लेकिन ऐसा गांवो मे नही है।



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ मत लिखें)

- आर्थिक आधार पर EWS को आरक्षण जाति व्यवस्था के नये स्वरूप का प्रतीक है
- OBC के क्रीमीलेयर का प्रावधान जाति को आर्थिक आधार पर विभाजित करता है।

राजनीतिक स्तर

- संविधान द्वारा (Art 330 & 332) द्वारा SC/ST को जाति के आधार पर आरक्षण दिया गया।
- मंडलीकरण के बाद राजनीति का जातीकरण हुआ है विशेष रूप से बिहार में
- जाति के आधार पर चुनावों में लामबंदी हो रही है।
- प्रत्याशी को टिकट का वितरण तथा मंत्रीमंडल में स्थान जाति फैक्टर को ध्यान में रखकर।

जाति व्यवस्था की जड़ें भले कमजोर हुई है लेकिन इसका एक नये स्वरूप में उदय हुआ है।



Scanned with CamScanner

16. It is argued by some that regionalism is a threat to national integrity while others consider it as a highly impactful tool in facilitating political participation. Discuss. (250 words) 15

कुछ लोगों द्वारा यह तर्क दिया जाता है कि क्षेत्रवाद राष्ट्रीय अखंडता के लिए एक खतरा है, जबकि अन्य लोग इसे राजनीतिक सहभागिता को सुगम बनाने में एक अति प्रभावशाली साधन मानते हैं। चर्चा कीजिए।

जब एक क्षेत्र विशेष के प्रति निष्ठा राष्ट्र तथा राज्य के प्रति निष्ठा से अधिक हो तो क्षेत्रवाद को बढ़ावा मिलता है।

क्षेत्रवाद दो धारी तलवार की तरह जो राष्ट्रीय अखंडता को बढ़ाती है और यदि उग्र रूप धारण कर ले तो खतरा भी उत्पन्न करती है।

**क्षेत्रवाद राष्ट्रीय अखंडता के लिए खतरा**

① क्षेत्रवाद के कारण विभिन्न क्षेत्रों के बीच अविश्वास तथा घृणा तथा कटुता बढ़ती है। eg: हिन्दी भाषा पर उत्तर व दक्षिण राज्यों के बीच।



Scanned with CamScanner

② सैन्य में व्याप्त असंतोष का उपयोग गैर-राजनीतिक कार्यकर्ता उपयोग करते हैं।

eg: खालिस्तान आंदोलन के दौरान पाकिस्तान ISI

③ कानून व व्यवस्था के बिगड़ने के कारण एकता व अखंडता प्रभावित होती है।

eg: उत्तर-पूर्व में नागालैण्ड विद्रोह के दौरान

④ विभिन्न राज्यों के बीच व्यापार तथा वाणिज्य व लोगों के प्रवाह को प्रभावित करती है।

eg: झारखण्ड कोयला की अवधारणा

[संघवाद राजनीतिक सहभागिता का साधन है।]

① भाषा के आधार पर राज्यों के गठन के बाद प्रतिद्वंद्वी राज्यों के साथ बेहतर केन्द्रीय संबंध।



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

② 1986 के मिजो समझौते के बाद मिजोरम की राजनीतिक भागीदारी अन्य किसी N&E राज्य से अधिक है।

③ वित्त आयोग, पूर्ववर्ती योजना आयोग के अलावा विभिन्न मंत्रालयों द्वारा अतिरिक्त वित्तीय प्राप्त किया
eg: विशेष श्रेणी के राज्य

④ सरकार द्वारा ही AASU (असम स्टूडेंट) तथा बोडो समझौतों को अंतिम रूप दिया।

⑤ भारत का संविधान द्वारा 5th & 6th अनुसूची तथा अनुच्छेद 371 के अंतर्गत इनके आधारभूत विशेष प्रावधान है।

समस्या संविधान नहीं है बल्कि संविधान का प्रबंधन है अतः आवश्यक है कि प्रत्येक के लिए भारत का संविधान दिशा-निर्देशक होना चाहिए।



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

17. Natural gas has become an important primary energy source and its consumption is projected to increase further. Identify various usages of natural gas and give a brief account of its distribution globally.

(250 words) 15

प्राकृतिक गैस एक महत्वपूर्ण प्राथमिक ऊर्जा स्रोत बन गया है तथा इसके उपभोग में आगे और वृद्धि होने का अनुमान है। प्राकृतिक गैस के विभिन्न उपयोगों की पहचान कीजिए और विश्व स्तर पर इसके वितरण का संक्षिप्त विवरण दीजिए।

प्राकृतिक गैस ऊर्जा का अनवीकरणीय स्रोत है लेकिन यह स्वच्छ प्रौद्योगिकी के कारण अधिक विवादस्पद नही है।

प्राकृतिक गैस का उपयोग

- प्राकृतिक गैस को घरेलू भोजन पकाने के लिए बाल्ट के स्थान पर उपयोग
- वाहनों में CNG का उपयोग ईंधन के रूप मे किया जाता है।
- प्राकृतिक गैस आधारित उर्वरक उद्योग अधिक स्वच्छ होते है।



Scanned with CamScanner

- औद्योगिक संयंत्रों में ईंधन के रूप में इसका उपयोग किया जाता है।
- पेट्रोरसायन उद्योग भी प्राकृतिक गैस का उपयोग करती है।

**प्राकृतिक गैस का वितरण**




Fig: प्राकृतिक गैस

## प्राकृतिक गैस का वितरण

① विश्व का 50-60% प्राकृतिक गैस के संसाधन हिन्द महासागर में स्थित है। जिसमें कतर, UAE, ईरान, इराक तथा सऊदी अरब प्रमुख देश है।

② पश्चिमी साइबेरिया में 30-40% वैश्विक प्राकृतिक गैस का संसाधन है।

③ अफ्रीका महाद्वीप में (उत्तर अफ्रीका) नाइजीरिया तथा अंगोला में स्थित है।

④ USA तथा कनाडा में प्राकृतिक गैस पायी जाती है।

⑤ दक्षिण अमेरिका में वेनेजुएला में प्रमुख है प्राकृतिक गैस संसाधन है।



Scanned with CamScanner

VISION IAS™

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

**18.** Describe the process of rift valley formation, with special emphasis on the Great Rift Valley System. (250 words) 15

महान भ्रंश घाटी प्रणाली पर विशेष बल देते हुए, भ्रंश घाटी के निर्माण की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए।


महान भ्रंश घाटी अफ्रीका महाद्वीप में स्थित है जो दो महाद्वीपीय चट्टानों की अपसरण (divergent) के कारण निर्माण हुआ है।

भ्रंश घाटी का निर्माण

प्रक्रिया-1




Step:2






Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ मत लिखें)

**Stag 3**







**निर्माण की प्रक्रिया**

① संवहन से महाद्वीपीय प्लेट पर दरारें से divergent होती है तथा नवीन स्थल का निर्माण होता है।



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin (इस स्थान में कुछ भी न लिखें)

② लगातार अपक्षरण होने के कारण दोनो छोरों के बीच एक गॉर्ज का निर्माण होता है।

③ गॉर्ज घाटी दोनो छोरों (सिरों) से निचले स्तरपर होती है।

④ भारत में दिहांगघाटी, नर्मदा नदी तथा कोसी नदी भी गॉर्ज घाटी में बह रही है।

⑤ गॉर्ज के निर्माण के कारण मालवा पठार तथा अर्वाचीन पठार का भाग-दो थे।


Scanned with CamScanner

19. India's water resources have witnessed rapid depletion due to a mix of economic, geographic, and political factors. Explain and discuss its implications. (250 words) 15

भारत के जल संसाधनों में विभिन्न आर्थिक, भौगोलिक और राजनीतिक कारकों के संयोजन के कारण तेजी से ह्रास देखा गया है। स्पष्ट कीजिए एवं इसके निहितार्थों की विवेचना कीजिए।

भारत में विश्व की 17% जनसंख्या केवल 2.4% भू भाग तथा 4% जल संसाधनों के ऊपर निर्भर करती है।

जल एक प्राकृतिक संसाधन है जिसको पुनःचक्रण तो किया जा सकता है लेकिन प्रतिस्थापित नहीं किया जा सकता है।

**जल संसाधन का आर्थिक कारकों द्वारा ह्रास**

- अर्थव्यवस्था को बढ़ाने में औद्योगिक व्यवस्था की भूमिका जलसंसाधनों को प्रभावित करती है।
- खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना
  eg: 80% भू-जल का उपयोग सिंचाई में
- आर्थिक रूप से समृद्ध लोग पानी को अधिक खर्च करते हैं
  eg: वाहनों की धुलाई)



Scanned with CamScanner

Don't write anything in this margin (इस भाग में कुछ मत लिखें)

**भौगोलिक कारक**

- पश्चिमी भारत में उच्च वाष्पीकरण तथा तटीय प्रदेशों में लवणीयजल के प्रवेश के कारण
- अत्यधिक वर्षा, चक्रवात, मृदाक्षरण के कारण जल स्रोत प्रदूषित होरहे है।
- ग्रामीण क्षेत्रों से शहरी क्षेत्रों की ओर प्रवासन

**राजनीतिक कारक**

- विभिन्न राज्यों के बीच जल विवाद
  eg: TN तथा कर्नाटक कावेरी विवाद
- राज्यों में जल मूल्य उचित आधारपर नही
- राज्यों द्वारा किसानों को बिजली सब्सिडी के कारण अत्यधिक सिंचाई।
- विभिन्न समझौते, नदी जोड़ो योजना विरोध होना।



Scanned with CamScanner

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

## चिंताएँ

- नीति आयोग की "समग्र जल प्रबंधन सूचकांक" के अनुसार 2020 के अंत तक 21 शहरों में जल की अत्यधिक कमी।
- कुओं का 52% विभिन्न प्रदूषकों से प्रभावित होने के कारण विभिन्न जल जनित रोगों को बढ़ावा।
- पानी को लेकर राज्यों के बीच लड़ाई
- व्यक्ति को पीने के पानी के लिए अधिक रुपये खर्च करने होंगे
- भारत के 1-3 बिलियन लोगों की खाद्य सुरक्षा प्रभावित
- बढ़ते स्तर पर बेरोजगारी, गरीबी, भुखमरी

अतः आवश्यक है जल संसाधनों को रिड्यूस, रीयूज तथा रिसाइकिल (3R) की अवधारणा का उपयोग करना चाहिए



Scanned with CamScanner

Don't write anything in this margin (इस भाग में कुछ मत लिखें)

**20.** How are plateaus formed? Also, briefly discuss the features of the Deccan plateau and its economic significance. (250 words) 15

पठार का निर्माण कैसे होता है? साथ ही, दक्कन के पठार की विशेषताओं और इसके आर्थिक महत्व की संक्षेप में विवेचना कीजिए।

पठार जमीन (मैदान) से ऊपर उठा भाग होता है जो पर्वत की तुलना में तुलना मे अधिक समतल होता है।

पठार का निर्माण

• पठारों का निर्माण लावा ट्रैप के कारण होता है।

- प्लेटों का संचलन के कारण जब प्लेट किसी सक्रिय लावा ट्रैप से गुजरती है तो पठार के रूप में उच्च भू-भाग का निर्माण होता है।

• जल अपरदन, वायु अपरदन अन्य वे कारक हैं जो इस क्रिया में सहायता करते हैं।

## दक्कन के पठार की विशेषताएं

(k) 2t




fig: दक्कन का पठार

1. यह भू-भाग मैदान की तुलना में अधिक उच्च स्तरपर है।
2. इसका निर्माण लावा ट्रैप के दौरान जब भारतीय प्लेट टेथीज सागर से पार कर रही थी तब हुआ
3. यह अत्यन्त कठोर तथा मजबूत है।
4. यह पूर्व में पूर्व के मैदान तथा



Scanned with CamScanner

पूर्वी तथा पश्चिमी घाट द्वारा इसका सीमांकन होता है।

**दक्कन पठार का आर्थिक महत्व**

1. यह विभिन्न धात्विक खनिजों का भंडार इसमें उपस्थित है
   eg: धारवाड़, कुडप्पा श्रेणी
2. दक्कन की काली मृदा कपास के लिए अधिक उपजाऊ है।
3. यहाँ की जलवायु की नमी के कारण गन्ना, चाय तथा कॉफी के अनुकूल है।

दक्कन का पठार न केवल खनिजों से समृद्ध है बल्कि एक अधिक स्थिर भू भाग है जो रहने के लिए अनुकूल है।



Scanned with CamScanner